## एक नजर में

### शहर में किए जाने वाले जल वितरण के समय में परिवर्तन

**देवास।** नगर निगम जलप्रदाय शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार अत्यधिक ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए शहर मे निगम द्वारा किये जाने वाले जल वितरण के समय मे परिवर्तन किया गया है। जिसके अन्तर्गत पानी की बडी टंकी से जल वितरण का समय प्रात 5 बजे से, शंख द्वार टंकी से जल वितरण का समय प्रातरू 6 बजे से,आनंदऋषि नगर टंकी से जल वितरण का समय प्रात 6 बजे से, सन सिटी की टंकी से जल वितरण का समय प्रात 6 बजे से, ताराणी कालोनी पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रात 6 से किया गया है।इसी प्रकार बजरंग नगर पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रात 6 बजे से, राजाराम नगर पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रात 6 बजे से, रानीबाग पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रात 6 से, उत्तम नगर पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रात 6 बजे से, आमोना पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रात 6 से, नागदा पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रात 6 से जल वितरण के समय मे परिवर्तन किया गया है।

### घायल को पहुंचाया अस्पताल

**देवास।** दिनेश पिता मनोहर जाति मालवी उम्र 50 साल निवासी बिचोली मरदाना इंदौर का रहने वाला था जो इंदौर से बागली होकर जटाशंकर घाट के नीचे से जिनवाणी अपने ससुराल जा रहा था अचानक उसकी गाड़ी गिर गई जिसमें उसकी सर में चोट आई जहां तुरंत कॉल मिलने पर 112 चापड़ा गाड़ी तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल को बागली सरकारी सरकारी हॉस्पिटल इलाज के लिए छोड़ा गया एफआरडी 16 स्टॉप आरक्षक 545 जीवन मालवीय पायलट अंकित चौधरी तुरंत मौके पर पहुंच कर घायल को अस्पताल लेकर आए।

### पार्टी संस्थापक का जन्मदिन मनाया

**देवास ।** भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी के संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा नगीना (उत्तर प्रदेश) से लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष रूपेश बामनिया ने किया, जिसमें बाबा साहब अंबेडकर जी के स्टेच्यू के पास मिठाई और पटाखे के साथ जन्मदिन मनाया गया। चंद्रशेखर आजाद ने हमेशा संरक्षण के लिए संघर्ष किया है। कार्यक्रम में उपस्थित आजाद समाज पार्टी के जिला सचिव राधेश्याम गांगुली, पूर्व भीम आर्मी जिला महासचिव पवन आंवले, विक्रम रेक्वाल, अजय खानगोड़ा, विनोद अस्तेय, ऋतिक, सभी भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शासकीय अस्पताल में आवश्यक सामग्री की भेंट



**काँटाफोड़ ।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी उद्योगपति सिक्ख समाज के वरिष्ठ बलबीर सिंघ बग्गा (बीरु बग्गा) परिवार द्वारा अपने माता पिता की याद मे नगर के शासकीय अस्पताल मे दैनिक उपयोग मे आने वाली आवश्यक सामग्री भेंट की। जिसमे सेक्शन मशीन, नेबुलाइजर मशीन, बीपी मशीन, स्टेचर, थर्मामीटर जैसी आवश्यक सामग्री अस्पताल के दैनिक उपयोग मे आने वाली सामग्री भेंट की।उन्होंने अस्पताल स्टाफ से कहा की आप लोग भी अपना कार्य पूरी ईमानदारी से करे एवं हर मरीज के लिए हर समय उपस्थित रहे। और भी कुछ आवश्यक सामग्री अस्पताल को लगेगी उसके लिए मे हर समय त्यार रहूँगा। अस्पताल मे उपस्थित डॉ हर्षवर्धन राणा, सिस्टर सुनीता यादव, मुकेश आदिवासी, प्रीति दुबे, शालू, संजय डाबर एवं धर्मेन्द्र कर्मा सहित सम्पूर्ण स्टाफ ने बीरु बग्गा को धन्यवाद प्रेषित किया।

### विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**देवास।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास श्री अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में एवं श्री रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के निर्देशन में दिनांक 03.12.2025 को शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 03 परिसर स्थित दिव्यांग छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर,जागरूकता कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिता- दौड़, थ्रोबॉल, बॉल बकेट, नीबू रेस, चेयर रेस, चित्रकला, भजन गायन, नृत्य आदि का आयोजन किया गया।उक्त शिविर में श्री रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास ने अपने उद्बोधन में उपस्थित दिव्यांग बच्चों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की योजना मानसिक बीमार एवं दिव्यांग व्यक्ति को नि:शुल्क विधिक सहायता योजना की जानकारी देकर उपस्थित बच्चों को जागरूक कर, शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया । उक्त प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने वाले बच्चों का उत्साह वर्धन किया ।इस अवसर पर उक्त कार्यक्रम में श्री कुंवर युवराज सिंह व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड देवास, श्री अजय कुमार मिश्रा, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र देवास, श्री किशोर वर्मा विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, जनपद शिक्षा केन्द्र देवास, श्रीमती सुनीता यादव उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं नि:शक्त जन कल्याण विभाग देवास, श्रीमती रेणु गुप्ता एपीसी, श्री सुरेश ठाकुर, प्रधान अध्यापक माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 03 देवास एवं समस्त स्टॉफ सहित छात्रावास के समस्त दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे।

### व्याख्यान के दौरान विद्वानों ने गीता के महत्व को बताया

**बागली।** स्थानीय वाग्ययोग चेतना पीठ आश्रम बागली पर सोमवार को गीता जयंती समारोह मनाया गया प्रथम सत्र में धार्मिक अनुष्ठान के साथ पवित्र गीता पाठ संपन्न हुआ द्वितीय सत्र में व्याख्यान माला के दौरान गीता क्यों पढ़ना आवश्यक है। इस विषय पर व्याख्यान माला आयोजित की गई मंच पर गुरुजनों की फोटो के साथ अतिथि के रूप में भिंड से आए गुरु स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी पूर्व संकुल प्रभारी वासुदेव जोशी उच्च शिक्षक प्रकाश व्यास एवं आश्रम के संचालक कनिष्क द्विवेदी मौजूद रहे व्याख्यान के दौरान कनिष्क द्विवेदी ने बताया कि विगत 26 वर्षों से गुरु आज्ञा अनुसार इस स्थान पर गीता जयंती पर्व मनाया जा रहा है। जो आज भी जारी है। गीता क्यों पड़े इस विषय पर कनिष्क द्विवेदी ने बताया कि गीता अध्ययन विषाद से दूर रखता है ।तनाव मुक्त जीवन के लिए गीता पढ़ने बेहद लाभदायक है। अन्य वक्ताओ के रूप में आश्रम के बटुको ने गीता अध्याय के कई श्लोक मुखाग्र सुना कर पूरे सदन को मोहित कर दिया इसी श्रृंखला में पंडित ओम गुरु ने गीता के विषय में कहा कि भारत में अनेक धार्मिक ग्रंथ है ।लेकिन गीता को ही गीता मां की उपाधि दी गई है। और मां का आंचल हमेशा सही रास्ता ही दिखता है। अन्य वक्ता के रूप में कासम अली ने गीता को कृष्ण अर्जुन संवाद बताया और कहा कि संवाद से सभी हल निकालते हैं। इसलिए संवाद बंद नहीं होना चाहिए व्याख्यान माला में बागली नगर परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि कमल यादव ने भी गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कर्म किए जा फल की इच्छा मत करें इंसान जैसा कर्म करेगा वैसा फल देगा भगवान यह गीता का ज्ञान इसी सदन में अथर्व गुप्ता ने गीता में वर्णित अर्जुन कृष्ण संवाद को सरल भाषा में समझाते हुए जीवन में गीता का आवश्यक महत्व बताया सोमेश उपाध्याय राजेंद्र पाल सिंह सेंगर सुनील योगी गुप्ता वासुदेव जोशी सुनील उपाध्याय गोपाल कृष्ण पंचोली सत्यनारायण व्यास आदि ने भी संबोधित किया अतिथि उद्बोधन में भीडं शक्तिपात के संचालक स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी जी ने कहा कि गीता पढ़ते पढ़ते ही जीवन में अपना महत्व दिखाती है। लगातार पढ़ते रहने से भी इसका असर मानव जीवन पर गहरा पड़ता है।

# एमजी रोड चौड़ीकरण को मिली हरी झंडी

**इंदौर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला मकान मालिकों को मुआवजा देना होगा**



**देवास।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने देवास शहर में लंबे समय से विवादास्पद चल रहे सड़क चौड़ीकरण प्रोजेक्ट को बुधवार (26 नवंबर 2025) को अंतिम मंजूरी दे दी है। न्यायमूर्ति प्रणय वर्मा की एकल पीठ ने प्रहलाद डागा, सैयद जाकिर अली सहित कई याचिकाकर्ताओं की याचिकाओं पर विस्तृत आदेश पारित करते हुए नगर निगम देवास को कार्य आगे बढ़ाने की अनुमति दी, लेकिन कड़े दिशा-निर्देशों के साथ।

#### कोर्ट द्वारा निर्धारित नई प्रक्रिया

सबसे पहले सड़क की मध्य रेखा निर्धारित की जाएगी। याचिकाकर्ताओं को व्यक्तिगत नोटिस जारी कर निरीक्षण की तारीख दी जाएगी। मकान मालिकों की उपस्थिति में माप-जोख की जाएगी। नगर निगम + टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम सीमांकन करेगी। मकान मालिकों को सुनवाई का मौका मिलेगा। अंतिम आदेश के बाद मुआवजे का मूल्यांकन,कब्जा, 6 महीने में भुगतान। न्यायालय ने यह भी कहा कि देवास डेवलपमेंट प्लान 2041 अभी केवल ड्राफ्ट है, इसलिए वर्तमान मास्टर प्लान 2031 ही लागू होगा। निगम 12-15 मीटर चौड़ाई तक ही सड़क बना सकेगा।

#### यह थी मुख्य दलीलें

मध्य रेखा तय किए बिना नोटिस अवैध। केवल एफआयआर देना पर्याप्त नहीं, नकद मुआवजा चाहिए। नया ड्राफ्ट प्लान 2041 में चौड़ाई 12 मीटर ही प्रस्तावित है। नगर निगम का पक्ष था कि धारा 305 में मुआवजा पहले देना जरूरी नहीं है और एफआयआर पर्याप्त है, जिसे कोर्ट ने आंशिक रूप से खारिज कर दिया। यह आदेश देवास ही नहीं, पूरे मध्य प्रदेश में सड़क चौड़ीकरण और शहरी विकास परियोजनाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कानूनी मिसाल बनेगा। अब तक कई शहरों में इसी तरह के विवादों में मकान मालिकों को केवल टीडीआर/एफआयआर देकर काम शुरू कर दिया जाता था, जिसे हाईकोर्ट ने गलत ठहराया है।

#### हाईकोर्ट के निर्देश

सड़क की मध्य रेखा सबसे पहले तय करना अनिवार्य ।मकान मालिक स्वेच्छा से जमीन नहीं देंगे तो केवल एफआयआर नहीं, मौद्रिक मुआवजा देना होगा। कब्जा लेने के बाद 6 महीने में मुआवजा भुगतान पूरा करना बंधनकारी। धारा 305 के तहत नोटिस के बाद जमीन अपने आप निगम में निहित हो जाती है, अलग से लैंड एक्विजिशन की जरूरत नहीं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता एवं भूमि विकास नियम-2012 के नियम 61 के तहत एफआयआर भी दिया जा सकता है जब मालिक स्वेच्छा से जमीन सरेंडर करे। जबरन अधिग्रहण की स्थिति में नकद मुआवजा देना अनिवार्य है।

## ओशो जन्मोत्सव पर चार दिवसीय चक्रा हिलिंग ध्यान शिविर



**देवास।** स्वामी योगेन्द्र भारती एवं नवीन सोलंकी ने बताया कि आध्यात्म की नगरी उज्जैन में इंदौर उज्जैन रोड पर स्थित तक्षशीला स्कूल के पीछे ओशो महाकाल धाम आश्रम में 10 दिसम्बर शाम 6 बजे से 11,12,13,14 दिसम्बर दोपहर तक सद्गुरू ओशो का जन्मोत्सव स्वामी समर्पण भारती सूरत के दिव्य संचालन में ओशो वचनों की सुगंध, संगीत, नृत्य, मस्ती के साथ आपको बोध्य गम्य के लिये चक्राहिलिंग साउंड जो हमारे भीतर सूक्ष्म या प्राणिक शरीर है वह इस भौतिक शरीर से सात विशेष स्थानों पर जुड़ा होता है। इन सात बिंदुओं को ही चक्र कहा गया है। सूक्ष्म शरीर सात जगह से हमारे स्थूल शरीर को स्पर्श करता है और इन्हीं मार्ग से उसे प्राण और जीवन शक्ति प्राप्त होती है। ये सात चक्र मनुष्य के शरीर के अत्यंत रहस्यमय पक्ष है। क्योंकि यह चक्र स्थूल में नहीं बल्कि भीतर के प्राणिक शरीर में स्थित है। यह अत्यंत ही विलक्षण केन्द्र है। छोटे बच्चों में यह चक्र अक्रिय होते है। 14 वर्ष की उम्र में इन चक्रों में रूपांतरण शुरू होता है। इन चक्रों के माध्यम से आप अपने व्यक्तित्व का विश्लेषण कर सकते है। काम, क्रोध, मोह, लोभ का विश्लेषण कर अपने जीवन को मस्ती, आनंद और अहोभाव के साथ बोध्यगम्य जीवन का मार्ग प्रशस्त कर सकते है। प्रयोगात्मक सहभागिता के लिये स्वामी बोधि सागर, मां दिव्याम कांता, मां प्रेम संगीत, मां मधुसूदन मीरा, स्वामी जगदीश इंजीनियर, हरिराम सोलंकी, स्वामी महेन्द्र जैन, मां प्रेम अंजु, मां मीरा बंजारन, स्वामी गोपाल कोठवानी, स्वामी बोधि अशोक, मां वर्षा जोशी, स्वामी हर्षद नागर, रोशन खत्री, स्वामी बोधि निजेन ने आग्रह किया।

## अवैध रूप से शराब पिलाने वाले रेस्टोरेंट को किया बंद




**3 स्थानों पर की कार्रवाई**

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन तथा सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन में आबकारी देवास द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है जिसमें देवास शहर में स्टेशन रोड,गजरा गियर चौराहा एवं कालूखेड़ी में स्थित अवैध रेस्टोरेंट जहाँ पर शराब पिलाई जाती है जिसकी सूचना मिलने पर सहायक आबकारी आयुक्त के निर्देश पर तीनों स्थानों पर संचालित ऐसे रेस्टोरेंट जहाँ अवैध रूप से बैठाकर शराब पिलाई जाती है उनको बंद किया गया, इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी । उक्त कार्यवाही में वृत्त प्रभारी दिनेश भार्गव,प्रेम यादव एवं आबकारी स्टाफ सम्मिलित रहे, इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## पुलिस उपमहानिरीक्षक, उज्जैन रेंज भसीन ने किया देवास जिले का निरीक्षण एवं दौरा



**देवास।** 04 दिसम्बर को पुलिस उपमहानिरीक्षक उज्जैन रेंज नवनीत भसीन देवास जिले के आधिकारिक भ्रमण पर पहुँचे । श्री भसीन ने सर्वप्रथम जिला कंट्रोल रूम स्थित सभागार में जिले के सभी राजपत्रित एवं प्रमुख पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की । बैठक में उन्होंने आगामी त्यौहारों, भीड़-भाड़ वाले आयोजनों एवं वर्षांत के दौरान बढ़ने वाली कानून-व्यवस्था संबंधी चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की । उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील क्षेत्रों पर सतत निगरानी रखी जाए। गश्त व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाए । लंबित एवं गंभीर प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किए जाए । उन्होंने अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा,सायबर अपराध की रोकथाम तथा सामुदायिक पुलिसिंग को ओर प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक सुझाव भी प्रदान किए । बैठक उपरांत श्री भसीन ने थाना बैंक नोट प्रेस का भ्रमण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना भवन,अभिलेख,सीसीटीव्ही व्यवस्था,मालखाना,थाना रिकॉर्ड तथा साफ-सफाई की स्थिति का परीक्षण किया । उन्होंने कहा कि थानों को जनता के लिए सहज, सुरक्षित एवं विश्वासपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए । इस अवसर पर उन्होंने थाना प्रभारी एवं उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों से चर्चा कर उन समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी भी ली,जिनका समाधान प्रशासनिक स्तर पर किया जा सकता है। दौरे के अंतिम चरण में पुलिस उपमहानिरीक्षक ने यातायात प्रबंधन को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 'यातायात जागरूकता रथ' का फ्लैग ऑफ किया । यह रथ शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को ट्रैफिक नियमों का पालन करने,हेलमेट एवं सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग,ओवरस्पीडिंग से बचने तथा सड़क सुरक्षा के अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं के प्रति जागरूक करेगा । श्री भसीन ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जनजागरूकता सबसे प्रभावी उपाय है और पुलिस का यह अभियान जनता के व्यापक हित में निर्णायक भूमिका निभाएगा । अपने पूरे दौरे के दौरान श्री भसीन ने देवास पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस बल को सतर्कता, संवेदनशीलता और त्वरित प्रतिक्रिया के साथ कार्य करना चाहिए, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे ।

## भोपाल गैस त्रासदी : बैंक नोट मुद्रणालय में मनाया औद्योगिक संरक्षा दिवस





**देवास।** बैंक नोट मुद्रणालय देवास में भोपाल गैस त्रासदी की स्मृति में औद्योगिक संरक्षा दिवस का आयोजन किया गया । इस दौरान भोपाल गैस त्रासदी से ग्रसित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। सभी कर्मचारियों के बीच संरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है जिसमे विभिन्न संरक्षा प्रतियोगिताओं के साथ-साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं । इस अवसर पर संस्थान के संरक्षा अधिकारी अनुराग वर्मा द्वारा भोपाल गैस त्रासदी के बारे में कर्मचारियों को जानकारी दी गई एवं कारखाना में संरक्षा के महत्व एवं विभिन्न रसायनों के प्रति जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला । महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष के. एन. महापात्र द्वारा सभी कर्मचारियों को संरक्षा शपथ ग्रहण करवाई गई । महापात्र द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा संस्थान अपने संरक्षा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कृत संकल्पित हैं एवं प्रबंधन संरक्षा मूल्यों को हमेशा सर्वोपरि रखता हैं । जिसके फलस्वरूप हमारे संस्थान को प्रतिवर्ष विभिन्न संस्थाओं द्वारा उत्कृष्ट संरक्षा प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया जाता हैं । भोपाल गैस त्रासदी से सीखते हुए कर्मचारियों एवं नागरिकों में जागरूकता का संचार होना चाहिए । उन्होने हाल ही में मुद्रणालय को संरक्षा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित संस्था राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद मुंबई से सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट प्राप्त होने पर हर्ष व्यक्त किया । उन्होने कहा कि कि संरक्षा कोई एक दिन का कार्य नहीं हैं यह एक सतत प्रक्रिया हैं । सीआईएसएफ अग्नि स्कन्ध द्वारा इस अवसर पर रसायन दुर्घटना विषयक मोक ड्रिल एवं रेस्क्यू ड्रिल का उत्कृष्ट प्रदर्शन स्याही कारखाना में किया गया । इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक एस. एस. राठौर, वरिष्ठ समादेष्टा संदीप कुमार एस., उपमहाप्रबंधक प्रदीप कुमार शर्मा, अग्नि निरीक्षक राजेंद्र सिंह, एएसआई धनराज सिंह खिंची इत्यादि के साथ यूनियन के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनुराग वर्मा ने किया, आभार प्रबन्धक सागर देवतले ने माना ।

## उम्मीद पोर्टल सर्वर डाउन, नहीं हो रहे काम

**देवास।** शाहिद मोदी पूर्व अध्यक्ष वक्फ कमेटी देवास ने वक्फ बोर्ड भोपाल को जिलाधीश के माध्यम से पत्र भेज कर बताया कि शासन (अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय) द्वारा वक्फ सम्पतियो को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज किये जाने का आदेश प्रदान किया गया था जिसके पालन में ग्राम तहसीलध्जिला.देवास सर्वे पर स्थित मस्जिद, मदरसा, कब्रिस्तान इमामबाड़ा, दरगाह कमेटी को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज करवाने हेतु विगत कई दिनो से लगातार प्रयास किया जा रहा है। शासन द्वारा जारी उम्मीद पोर्टल पर लगातार कई दिनो से सर्वर की परेशानी होने के कारण दस्तावेज अपलोड नहीं हो रहे है और सबंधीत वक्फ सम्पति का इन्द्राज किया जाने में काफी परेशानी आ रही है और साईट लगभग कई दिनो से काम नहीं कर रही है। हमारे द्वारा समस्त प्रयास किये जाने के पश्चात भी उम्मीद पोर्टल पर रजिस्टेशन प्रकिया पूर्ण नही हो पा रही है और रजिस्टेशन नही हो पा रहा है। जबकि हमारे द्वारा वक्फ रजिस्टेशन किये जाने का पुरा प्रयास किया जा रहा है। आपके द्वारा शासन से उक्त उम्मीद पोर्टल पर सर्वर की सुचारू सुविधा उपलब्ध करवाए जाने की मांग का एकमात्र विकल्प बचा है कारण की शासन के द्वारा 5 दिसम्बर 2025 अंतिम समय रजिस्टेशन का दिया है ऐसी स्थिति में यदि 5 दिसम्बर तक से सर्वर की परेशानी रही तो वक्फ सबंधी रजिस्टेंशन नहीं हो पायेगा। इसलिये उक्त दिनांक को भी आगे बडाया जाना आवश्यक है।

शाहिद मोदी ने पत्र में मांग की है कि वक्फ सबंधीत रजिस्टेशन के लिये उम्मद पोर्टल पर सुचारू रूप से सर्वर कार्य करने के लिये उचित दिशा निर्देश जारी कर रजिस्टेशन की प्रक्रिया को पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करे साथ ही रजिस्टेशन की डेट आगे बडाने की कार्यवाही भी की जावे जिससे की वक्फ सम्पति का रजिस्टेशन किया जा सके।

## 172 के सभी 252 मतदान केंद्रो की मैपिंग का कार्य शत प्रतिशत

**देवास।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिनांक 4.11.2025 से गहन पुनरीक्षण अभियान प्रारंभ किया गया जिसके अंतर्गत वर्ष 2025 में दर्ज मतदाताओं की मैपिंग का कार्य किया जाना था इसमें प्रत्येक मतदाता को वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मिलान करके डिजिटाइज करना था इसमें वर्ष 2003 की सूची में स्वयं का नाम होना अनिवार्य है यदि मतदाता की आयु 40 वर्ष से कम हो तो उन्हें माता-पिता या दादा-दादी से मैपिंग किया गया. इस प्रकार हाटपीपल्या विधानसभा क्षेत्र 172 के सभी 252 मतदान केंद्रो की मैपिंग का कार्य 100 प्रतिशत 4 दिसंबर 2025 को पूर्ण किया गया जो कि जिला देवास की पांचो विधानसभा में सर्वप्रथम 100 प्रतिशत कार्य हाटपिपलिया विधानसभा का हुआ. इसमें भी हाटपिपलिया तहसील के 104 मतदान केदो की मैपिंग का कार्य दिनांक 2 दिसंबर 2025 को ही 100 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है इस राष्ट्रीय कार्य में शिक्षक शिक्षिकाएं तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बीएलओ एवं सुपरवाइजर का कार्य किया जिन्होंने 12 से 18 घंटे तक अथक मेहनत करके उक्त कार्य को उत्साह एवं बिना डर दबाव के पूर्ण किया गया इस मैपिंग के कार्य को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री अभिषेक जी शर्मा तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी हाटपीपल्या सोनम भगत तहसीलदार एवं जयेशप्रताप परमार तहसीलदार देवास तथा हर्षा वर्मा नायब तहसीलदार हाटपीपल्या इनके मार्गदर्शन में उक्त कार्य संपन्न हुआ इस कार्य में निर्वाचन शाखा हाटपीपल्या के प्रभारी राजेश जोशी सहायक विशाल मालवीय एवं देवास निर्वाचन शाखा प्रभारी महेश राठौर सहायक अशोक उइके तथा कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामर राहुल मालवीय हाटपीपल्या तथा हरिओम शर्मा रितिक शर्मा देवास इसी प्रकार कंट्रोल रूम की टीम में शामिल दिनेश कारपेंटर पटवारी हाटपीपल्या नाथूलाल सोठीया अनिल सोलंकी विशाल टैया राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी का सराहनीय योगदान रहा ।

**एक नजर** कालानी बाग से हुई गरिमामय शुरुआत

## दिसंबर माह को गीता जयंती-तुलसी पूजन माह के रूप में मनाने का निर्णय लिया



**देवास।** संत आसाराम बापू की प्रेरणा से देवास में,महिला उत्थान मंडल द्वारा तुलसी पूजन एवं गीता जयंती का कार्यक्रम संयुक्त रूप से सम्पूर्ण दिसंबर माह में मनाया जाएगा। इसकी शुरुआत कालानी बाग ,मोहन जोशी के निवास से शानदार उपस्थिति के साथ गरिमामय रूप से हुई ।इस कार्यक्रम में आश्रम की विधि परंपरा अनुसार गीता जी का एवम तुलसी माता का पूजन, जोशी परिवार एवं सभी उपस्थित भाई बहनों द्वारा किया गया। सर्वप्रथम गीता जी के 15वें अध्याय का पाठ संस्कृत विद्वान घनश्याम जोशी द्वारा किया गया। उसके बाद श्रीमद्भागवत गीता का एवं हरिप्रिया तुलसी माता का पूजन किया गया। पूजन के पश्चात आरती की गई और सात-सात परिक्रमा की गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता बीडी जामनेरा ने बताया कि, गीता जी का पठन पाठन पूजन बहुत ही पुण्यकारी एवं जीवन में सर्वोचित मार्ग प्रदान करने वाला रहता है। मोक्षदा एकादशी के दिन भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को निमित्त बनाकर दिया गया गीता ज्ञान हम सबको, शक्ति भक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करता है। इसी तरह गुरुदेव की प्रेरणा से 25 दिसंबर को विशेष तुलसी पूजन दिवस मनाया जाएगा। देवास में इसकी शुरुआत भी तुलसीमाता का पूजन करके की गई। प्रतिदिन तुलसी पूजन करने व तुलसी जी में जल चढ़ाने से अनंत पुण्य की प्राप्ति होती है। यह जानकारी देते हुए महिला मंडल प्रमुख श्यामा जोशी ने बताया कि इस वर्ष भी दिसंबर माह में प्रतिवर्ष अनुसार गीता जयंती एवं तुलसी पूजन दिवस का कार्यक्रम उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। देवास में हर रविवार को अर्थात 7,14 एवं 21 दिसंबर को यह पूजन कार्यक्रम किया जाएगा। इसके अलावा भी विभिन्न साधकों के घर पर,मंदिरों,विद्यालयों में, सार्वजनिक मुख्य स्थानो पर यह पूजन योग वेदांत सेवा समिति के मार्गदर्शन में करने का प्रयास किया जाएगा। 25 दिसंबर को तुलसी माता व गीताजी का मुख्य पूजन कार्यक्रम गुरु वाटिका, कैलादेवी मंदिर में किया जाएगा। यहां पर मुख्य द्वार पर सभी दर्शनार्थियों को एवं आने जाने वाले महानुभावों को 251 तुलसी के पौधों का वितरण किया जाएगा। तुलसी पूजन दिवस के उपलक्ष में मुख्य जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को तुलसी जी के गमले भेंट किए जाएंगे ।गुरुदेव की प्रेरणा से उनका यह संकल्प विश्वव्यापी हो गया है ।देश-विदेश में यह पूजन धूमधाम से किया जाता है ।इसका उद्देश्य अशांति भरे ,इस भागम भाग के समय में शांति एवं मोक्ष प्रदान करना तथा भारतीय संस्कृति से लोगों को अवगत कराना है ।